HINDI

09-11-2023

Clarkston हाई मैथ क्लब ने परिवार-प्रेरित समारोह में 37 नए सदस्यों को शामिल किया

Clarkston हाई स्कूल के मैथ क्लब ने 6 नवंबर को अपने सालाना अधिष्ठापन समारोह में 37 नए सदस्यों के शामिल होने का जश्न मनाया। इस क्लब के चिर-परिचित माहौल पर बात करते हुए, मैथ क्लब की अध्यक्ष Afomia Legesse ने दैनिक जीवन में गणित के महत्व और समर्थनकारी अकादमिक समुदाय के विकास में क्लब की भूमिका पर बात की। यह क्लब पढ़ाई, प्रतियोगिताओं और समुदाय सेवा के माध्यम से विद्यार्थियों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे कि उन्हें भविष्य में वैश्विक ज़िम्मेदारी और टीमवर्क के लिए तैयार किया जा सके।

"गणित हमारे चारों ओर मौजूद है और हमारे दैनिक जीवन में इसका बहुत उपयोग है। हमारा क्लब गणित के प्रति प्यार, अकादमिक उत्कृष्टता और समुदाय सहभागिता को बढ़ावा देता है। हम केवल कोई क्लब नहीं है, हम केवल पाठ्येतर गतिविधि नहीं कराते हैं, बल्कि हम एक परिवार हैं," कहना था Afomia Legesse का। "एक ऐसा परिवार, जो एक दूसरे की सहायता करता है और किसी भी व्यक्ति को पीछे नहीं छूटने देता।"

इस क्लब के फैकल्टी सलाहकार ने भी क्लब की समावेशी पद्धति को सराहा और हर प्रकार की क्षमता रखने वाले विद्यार्थियों को सकारात्मक वातावरण में गणित को जानने के लिए आमंत्रित किया।

"मैथ क्लब में सभी का स्वागत किया जाता है, फिर चाहे उनके कौशल का स्तर कुछ भी हो। हम चाहते हैं कि वे यहाँ आएं और बिना किसी पूर्वाभास के और खुले दिल से गणित का मज़ा लें," कहना था Mr. Rajshekar Choutapalli का। "यहाँ विद्यार्थियों को मज़ेदार तरीके से और तरह-तरह की विधियों का उपयोग करते हुए गणित सीखने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।"

11वीं ग्रेड के Abdel Mahamat ने अपने सहपाठियों की मदद करने का अपना उत्साह व्यक्त किया। वे गणित में कठिनाई महसूस कर रहे विद्यार्थियों की मदद करने के उद्देश्य से मैथ क्लब में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि, "यदि उन्हें अपना होमवर्क करने में कठिनाई महसूस होती है, तो हम उनकी मदद करते हैं।"

Clarkston हाई की प्रधानाचार्य Pattie Lemelle ने नए भर्ती विद्यार्थियों को गणित के प्रति फैले भ्रम को दूर करने की ज़िम्मेदारी सौंपी।

“मुझे पता है कि [इन विद्यार्थियों] पर गणित को कठिन मानने वाले विद्यार्थियों और स्टाफ में इस विषय के प्रति उत्साह जगाने की ज़िम्मेदारी होगी,” उन्होंने कहा। “हम सभी चाहते हैं कि वे गणित सीखने में हमारी मदद करें और हम आशा करते हैं कि इस स्कूल वर्ष में वे हमें गणित से जुड़ी गतिविधियां कराएंगे।”

इस समारोह का आयोजन इसलिए किया गया है, ताकि विद्यार्थी गणित को बेहतर तरीके से समझें और उनमें इसके प्रति गहरा लगाव उत्पन्न हो।

अधिष्ठापन समारोह की तस्वीरों के लिए, यहाँ जाएं: https://flic.kr/s/aHBqjB2FUA

XXX